**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.09.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने व सोने की अनावश्यक खरीद न करने का किया आह्वान।
- प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री आज पेश करेंगे तीन अहम बिल– रोज़गार की गारंटी पर शुरू हुई चर्चा का जवाब भी देगी सरकार।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा– हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध करवाना है समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला।
- सिरमौर जिले के रूण नदी में फंसे दो लोगों का कल रात 9 बजे हुआ सफल रैस्क्यू।
- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट किया जारी।

**पीएम–स्वदेशी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार पुनः लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, सोने की अनावश्यक खरीद और विदेशों में शादी–ब्याह करने से बचने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में लोगों से कहा है कि वे विदेशों में छुट्टियां मनाने, दूसरे देशों में जाकर शादी–ब्याह करने और आवश्यक न हो तो सोने की खरीददारी करने से परहेज करें। उन्होंने देशवासियों को सात दशमलव आठ प्रतिशत आर्थिक विकास दर हासिल करने पर बधाई दी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर अधिक बल देने की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता, युद्धों, संकटों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाओं के बावजूद भारत तीव्र गति से प्रगति कर रहा है। उन्होंने अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कुछ लोग निराशा के माहौल में डूबे हुए हैं और हर तरफ झूठ फैला रहे हैं।

**मानसून सत्र**

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र की आज नौवीं बैठक है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी....

–डिस्पैच–

**मानसून सत्र की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तीन अहम बिलों को सदन में विचार और पारित करने का प्रस्ताव रखेंगे, जिनमें हिमाचल प्रदेश राज्य**

**विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2026, शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए लोक सुरक्षा व सुविधा संशोधन विधेयक सहित माल और सेवा कर संशोधन विधेयक–2026 शामिल हैं। इसके साथ ही नाबार्ड सड़कों में देरी और बसों की कमी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। सदन में आज विधायक पवन कुमार काजल व चंद्रशेखर सड़क व पुल के निर्माण में हो रहे विलंब व बसों की कमी से लोगों को हो रही असुविधा पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। सदन में नियम–130 के तहत रोज़गार की गारंटी पर आगे चर्चा शुरू होगी, जिसका सरकार की तरफ से आज भी जवाब दिया जाएगा।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्थापित एक सौ 50 सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की तीन बार उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शुरू की जाएगी, जिसके तहत स्कूल दिवस के दौरान तीन चरणों में सुबह स्कूल पहुंचने के समय, दोपहर लंच ब्रेक के दौरान और स्कूल से छुट्टी के समय उपस्थिति दर्ज करवाना अनिवार्य होगा। शिमला में शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इन सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अलग–अलग ड्रैस कोड निर्धारित किए जाएंगे जिसमें शिक्षकों के लिए ड्रैस कोर्ड इस वर्ष पहली अक्तूबर से निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की स्कूल वर्दी के संबंध में निर्णय अगले एक सप्ताह के भीतर लिया जाएगा।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध करवाना सशक्त, समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। हमीरपुर में **एक से श्रेष्ठ** पहल के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश की वास्तविक शक्ति उसके बच्चों में नीहित है और सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि सहित भोगौलिक स्थिति से पर हर बच्चे को शिक्षा, कौशल और अपनी प्रतिभा निखारने के लिए पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस नीति से समग्र, समावेशी व ज्ञान आधारित शिक्षा व्यवस्था की दिशा में परिवर्तकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

**विकमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रामदित्य सिंह ने कहा है कि एक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में खेल महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और खेल से जहां विद्यार्थी का शारीरिक विकास होता है वहीं मानसिक विकास में भी बढ़ौतरी होती है। वे शिमला जिले में मशोबरा विकास खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीन में जोनल स्तरीय छात्रा वर्ग की अंडर–19 खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की छात्राएं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में देश–प्रदेश का नाम रोशन कर हिमाचल को गौरवान्वित कर रही हैं। उन्होंने ये भी कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने व उन्हें नशे से दूर रखने के लिए सरकार ने जमीनी स्तर पर कई अहम कदम उठाए हैं।

**सफल रैस्क्यू**

सिरमौर जिले के नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत वर्मा पापड़ी की रूण नदी में फंसे दो लोगों का कल रात करीब नौ बजे सफल रैस्क्यू किया गया। पांच घंटे के इस रैस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के हैलीकॉप्टर के अलावा एनडीआरएफ व होमगार्ड के जवानों ने विशेष भूमिका निभाई। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता......

**राजीव बिंदल**

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी रूण नदी में फंसे दो लोगों के रैस्क्यू ऑपरेशन के पूर्ण होने तक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह करने के बाद सेना का हैलीकॉप्टर उपलब्ध करवाया गया और दोनों लोगों की जान बच पाई। राजीव बिंदल ने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

**स्वच्छता**

कुल्लू शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सकारात्मक बदलाव सामने आया है। शहर की एम. आर.एफ. साईट अब कचरे से मुक्त हो गई है, जिसके चलते लोगों को बढ़ती बीमारियों और बदबू से राहत मिली है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता.....

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मानसून की वर्षा के चलते प्रदेश में अभी भी 60 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। इसके अलावा 11 बिजली ट्रांसफार्मर और 39 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **सभी छह विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती अब राज्य लोक सेवा आयोग से होगी।** पंजाब केसरी लिखता है **सभी विभागों में तैनात मल्टी टास्क वर्कर के लिए बनेगी एक संयुक्त पॉलिसी।** दिव्य हिमाचल व दैनिक जागरण की एक खबर है **सीबीएसई स्कूलों में दिन में तीन बार लगेगी हाजिरी।**

**कालका–शिमला ट्रक पर 13 सितंबर तक नहीं चलेंगी ट्रेन** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **गुम्मन रेलवे स्टेशन के पास रेल ट्रैक के नीचे करीब 20 फुट हिस्सा बहा।**

**'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने व सोने की अनावश्यक खरीद न करने का किया आह्वान।

- प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री आज पेश करेंगे तीन अहम बिल– रोज़गार की गारंटी पर शुरू हुई चर्चा का जवाब भी देगी सरकार।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा– हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध करवाना है समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला।
- सिरमौर जिले के रूण नदी में फंसे दो लोगों का कल रात नौ बजे हुआ सफल रैस्क्यू।

  और

- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट किया जारी।